दुर्घटना ▶ बांधवगढ़ आए थे घूमने, जेसीबी से अलग किए आपस में टकराए वाहन

# दो सड़क हादसों में तीन की मौत, 20 से अधिक घायल



**नवभारत उमरिया 23 नवंबर।** जिले में दो भीषण सड़क हादसे हो गए। इसमें 3 लोगों की मौके पर मौत हो गई। वहीं, करीब 2 दर्जन लोग घायल हो गए। पहले हादसे में जहां कार ने ऑटो को टक्कर मारी। वहीं, दूसरे हादसे में तेज रफ्तार तूफान खड़े ट्रक से टकराई।

एनएच 43 पर पुलिस थाना चंदिया अंतर्गत बरम बाबा ढाबा के पास तूफान वाहन सुबह करीब 5 बजे खड़े ट्रक से टकरा गया। हादसे में एक महिला की मौत हुई, जबकि 12 लोग घायल हो गए। वहीं, दूसरी घटना बीती रात इंदवार थाना अंतर्गत पुलिस चौकी अमरपुर अमरपुर के ग्राम हरदुआ में हई उमरिया जिले में इन दिनों आरटीओ और यातायात की लापरवाही का खामियाजा लोगों को अपनी जान गंवा कर देना पड़ रहा है।

### ऑटो व कार में भिड़ंत, 2 सवरियों की मौत

जिले के इंदवार थाना अमरपुर चौकी अंतर्गत ग्राम हरदुआ में शनिवार की दरमियान देर शाम लगभग 7.30 बजे सवारी से भरे ऑटो की कार से जोरदार भिड़ंत हुई, जिसमें ऑटो में सवार दर्जनों लोग घायल हो गए हैं। हादसे में एक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि एक की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कार एवं ऑटो में इतनी जोरदार टक्कर हुई है कि ऑटो में बैठी महिला बेहोश हो गई एवं एक व्यक्ति का पैर टूट गया। घटना की जानकारी लगते ही अमरपुर थाना प्रभारी एसएन प्रजापति घटना स्थल पहुंचे और घायलों को बरही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा।

### दूसरी घटना में खड़े ट्रक से टकराई कार

दूसरी घटना जिला मुख्यालय से 15 किमी दूर एनएच 43 में चंदिया थाना अंतर्गत बरम बाबा ढाबा के पास हुई है। इसमें पश्चिम बंगाल के 1 महिला पर्यटक की मौत हो गई। वहीं, 12 लोग घायल हैं। जिला अस्पताल चौकी प्रभारी सोना लाल ठाकुर ने बताया कि सभी पर्यटक पश्चिम बंगाल के हैं। वह यहां ग्राम धनीपुर पूर्व पाड़ा थाना हावड़ा जिला से घूमने के लिए आये थे। इन लोगों ने शनिवार शाम बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में टाइगर सफारी किया है। वहीं, से दो गाड़ी बुक कर खजुराहो जा रहे थे। तभी बरम बाबा ढाबा के पास तूफान वाहन खड़े ट्रक से टकरा गया।

### डंपर ने स्कूटी को मारी टक्कर, छात्र घायल

स्कूटी से स्कूल जा रहे नाबालिग छात्र को डंपर ने पीछे से टक्कर मारी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दुर्घटना के कारण कुछ समय के लिए एनएच 43 पर यातायात भी प्रभावित हुआ। पुलिस मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन के माध्यम से क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाया इससे यातायात बहाल हुआ।



# 3 बीएलओ, सुपरवाइजर को नोटिस किया जारी

▶ समीक्षा बैठक में रहे अनुपस्थित, एसडीएम ने लिया एसआईआर कार्य का जायजा

**शहपुरा नवभारत 23 नवंबर।** एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा द्वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 103 के अंतर्गत मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की समीक्षा बैठक तहसील कार्यालय में आयोजित की गई।

बैठक में सभी बीएलओ सुपरवाइजर से प्रत्येक मतदान केंद्र की प्रगति, ई-एफ डिजिटलाइजेशन, डोर-टू-डोर सर्वे की स्थिति तथा गणना पत्रकों को निर्धारित प्रारूप में भरकर उसकी द्वितीय प्रति मतदाताओं को उपलब्ध कराने संबंधी दिशा-निर्देश दिए गए। एसडीएम ने वर्ष 2003 के बाद की बहुओं की मायके से मैपिंग प्रक्रिया संबंधी प्रशिक्षण भी प्रदान किया।

### कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश

उन्होंने फील्ड में आ रही व्यवहारिक कठिनाइयों का समाधान बताते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्य को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक के दौरान 3 बीएलओ सुपरवाइजर के अनुपस्थित पाए जाने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। बैठक में तहसीलदार शहपुरा सुंदर लाल यादव, आनंद डेहरिया सहित समस्त हल्का पटवारी उपस्थित रहे।

# स्वल्पाहार के नाम पर सरपंच-सचिव खा गए शासकीय राशि

▶ ग्राम पंचायत बोधगुंडी जनपद पंचायत अमरपुर का मामला, फर्जी बिलों से पंचायती खजाने को लगा रहे चूना

**अमरपुर नवभारत 23 नवंबर।** जिले की अधिकत्तर पंचायतों में फर्जी बिल लगाकर शासकीय राशि का आहरण करने के अनेक मामले सामने आ चुके हैं कार्यवाही के नाम पर औपचारिकता निभाने वाले पंचायती खजाने को लूटने का कार्य कर रहे हैं।

इस भ्रष्टाचार के मामले को देखते हुए अनुमान लगाया जा सकता है कि संबंधित विभाग अधिकारी भी इसमें गोता लगाने से पीछे नहीं है और इन्हीं चंद भ्रष्ट अधिकारियों की शह पाकर पंचायती हुक्मरान छोटे-छोटे स्वरूप में पंचायत को प्राप्त होने वाली बड़ी राशि का फर्जी बिलों द्वारा आहरण करते हुए गबन कर खुद को फायदा पहुंचा रहे हैं। मामला डिंडोरी जिले की अमरपुर जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बोध गुंडी का है यहां तत्कालीन महिला सरपंच जयमति कुशराम के पति सुखदेव कुशराम द्वारा पंचायत में ग्राम सभा सम्मेलन के नाम पर स्वल्पाहार कि व्यवस्था करते हुए साबिर होटल भानपुर से नमकीन 12 किलो लागत 3000, बर्फी 7 किलो लागत 2450 रुपए, पानी बोतल 15 लागत 300




रुपये का बिल 4,01,2023 को लगाया गया, जिसका पूर्ण योग 5750 दर्शाया गया है।

**स्वल्पाहार राशि की निकासी भी हो चुकी**-ग्राम पंचायत की तत्कालीन महिला सरपंच जयमति कुशराम पति सुखदेव कुशराम द्वारा बर्फी 8 किलो कीमत 2800 रुपये, नमकीन 8 किलो कीमत 2000 रुपये, पानी की बोतल 20 कीमत 300 रुपये सहित अन्य सामग्री कीमत 700 कुल योग 5800 का बिल 4,01,2023 रुपये का लगाया गया है। इस राशि की निकासी की जा चुकी है। सवाल यह है कि ग्राम पंचायत के तत्कालीन महिला सरपंच जयमती कुशराम पति सुखदेव कुशराम सहित सचिव द्वारा एक ही दिन में स्वल्पाहार सामग्री के दो-दो बिल कैसे पास करा लिए। ऐसे ही ग्राम पंचायत बोधगुंडी के जिम्मेदारों ने शासकीय राशि का गबन स्वल्पाहार के नाम पर ही किया है।

**होटल संचालक पर आरोप**- साबिर होटल भानपुर के संचालक खालिद खान द्वारा बताया गया कि बोधगुंडी पंचायत की तत्कालीन महिला सरपंच जयमति कुशराम के पति सुखदेव कुशराम के द्वारा उनसे खाली बिल लेकर इनमें राशि भरी गई है, जबकि उनके पास पंचायत को उपलब्ध कराई गई सामग्री की पूर्ण जानकारी रजिस्टर में दर्ज है। होटल संचालक द्वारा सरपंच पति सुखदेव कुशराम के ऊपर यह भी आरोप लगाए गए हैं कि आज दिनांक तक उन्हें पंचायत द्वारा किसी भी प्रकार का भुगतान नहीं किया गया है।

**इनका कहना है**

मेरे ऊपर लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद और निराधार हैं।

**सुखदेव कुशराम, पूर्व महिला सरपंच पति ग्राम पंचायत बोधगुंडी**

2022 से आज दिनांक तक ग्राम पंचायत बोधगुंडी में जितने भी बिल लगाए गए हैं उन सभी कि हम जांच चाहते हैं, जिससे कि भ्रष्टाचार का खुलासा हो सके। हम सीईओ से भी मिलेंगे और निष्पक्ष जांच की मांग करेंगे।

**शंकर सिंह कुशराम, उप सरपंच ग्राम पंचायत बोधगुंडी, अमरपुर**





# ताला सड़क पर कार ने मादा सांभर को मारी टक्कर, मौत

▶ वन विभाग ने कार जब्त कर शुरू की जांच

**चिल्हारी नवभारत 23 नवंबर।** जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के परिक्षेत्र धमोखर अंतर्गत उमरिया-ताला सड़क मार्ग पर सड़क हादसे मे एक मादा सांभर की मौत होने का मामला सामने आया है।

बताया जाता है कि वन परिक्षेत्र धमोखर की टीम को 22 नवंबर को समय करीब 8 बजे नियमित गश्ती के दौरान एक मादा सांभर मृत अवस्था में मिली। यह वन्यजीव पी-114 क्षेत्र से सटे राजस्व इलाके मे उमरिया-ताला रोड के ग्राम ददरा महामन क्षेत्र में पाया गया। मृत सांभर महामन बस स्टॉप के पास सड़क किनारे पड़ी थी। जानकारी मिलते ही वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और निरीक्षण कर पंचनामा व अन्य आवश्यक विधिक प्रक्रिया शुरू की। घटनास्थल पर स्पष्ट रूप से टायर घसीटने के निशान दिखाई दिए, जो किसी वाहन के अचानक ब्रेक लगाने या घसीटे जाने की ओर संकेत कर रहे थे।

### घटना स्थल से 150 मीटर दूर क्षतिग्रस्त कार मिली

इसके अलावा घटनास्थल से लगभग 150 मीटर की दूरी पर एक क्षतिग्रस्त सेंट्रो कार खड़ी मिली। कार के अगले हिस्से पर सांभर के बाल चिपके पाए गए, जिससे प्रथम दृष्टि यह सड़क दुर्घटना का मामला प्रतीत हुआ। वन अमले ने क्षतिग्रस्त कार को जब्त कर परिक्षेत्र कार्यालय धमोखर लाकर खड़ा कर दिया है। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने पंचनामा एवं जप्ती की कार्रवाई विधिवत रूप से पूरी की। इसके बाद पशु चिकित्सक द्वारा मादा सांभर का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम के उपरांत वन विभाग के नियमों का पालन करते हुए शव का दाह किया गया।

### सड़क दुर्घटना में पुलिस जवान घायल

**नवभारत उमरिया 23 नवंबर।** जिले के उमरिया-ताला सड़क मार्ग मे खैरा गांव के पास सड़क दुर्घटना मे पुलिस जवान बुरी तरह घायल हुआ है, जिसे समाजसेवी जितेन्द्र राय निवासी ग्राम खैरा ने मानवता दिखाते घायल तत्काल जिला चिकित्सालय मे इलाज के लिए भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जबलपुर रेफर किया गया है।

बताया जाता है कि पुलिस चौंकी ताला बांधवगढ़ मे पदस्थ प्रधान आरक्षक ओमप्रकाश भवेदी अपनी बुलेट से उमरिया से ताला बांधवगढ़ की ओर जा रहा था। जहां खैरा गांव के पास ट्रक को ओवरटेक करने के चक्कर में बुलेट अनियंत्रित हो गई, जिससे पुलिस जवान गिर गया। इस दौरान सामने से आ रही कार ने उन्हें कुचल दिया, जिससे वह बुरी तरह घायल गया।



# भाजपा का घर-घर संपर्क अभियान जारी

**शहपुरा नवभारत 23 नवंबर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मंडल शहपुरा द्वारा नगर के बूथ स्तर पर जनसंपर्क अभियान को लगातार गति दी जा रही है। पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी इस पहल के तहत घर-घर जाकर नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित कर रहे हैं।

इसी कड़ी में, अभियान का महत्वपूर्ण चरण शनिवार को भैरव वार्ड में संपन्न हुआ। भैरव वार्ड में, बूथ अध्यक्ष के साथ-साथ मंडल महामंत्री नितिन गुप्ता ने स्वयं मोर्चा संभाला। इस जनसंपर्क का मुख्य आकर्षण नागरिकों को एसआइआर (एसआईआर) के संबंध में विस्तृत और आवश्यक जानकारी प्रदान करना था। कर्मचारियों ने इस दौरान नागरिकों के संदेहों का निवारण किया और उन्हें एसआइआर से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया। अभियान दल द्वारा जानकारी देते हुए कर्मचारी की तस्वीर भी सामने आई है, जो जनसंपर्क की गंभीरता को दर्शाती है।

# बालिकाओं को वितरित की 100 जोड़ी चप्पलें

▶ शहपुरा क्रीड़ा परिषद हॉस्टल का विधायक धुर्वे ने लिया जायजा

**शहपुरा नवभारत 23 नवंबर।** शहपुरा क्रीड़ा परिषद् हॉस्टल में मूलभूत सुविधाओं की स्थिति जानने पहुंचे विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने निरीक्षण के दौरान पाया कि कई बालिकाएं बिना चप्पलों के ठंड का सामना कर रही थीं। बालिकाओं की इस परेशानी को देखते हुए विधायक धुर्वे ने तुरंत स्थानीय नेतृत्व और संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर समाधान की पहल की।

इसी क्रम में शहपुरा मंडल अध्यक्ष भजन चक्रवर्ती, वरिष्ठ नेता बाबा ठाकुर, महामंत्री राजेंद्र



तिवारी और मंडल मंत्री किशन झारिया ने संयुक्त रूप से बालिकाओं के लिए 100 जोड़ी चप्पलों की व्यवस्था कराकर हॉस्टल प्रबंधन को उपलब्ध कराई। सभी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बालिकाओं को चप्पलों का वितरण किया गया।

### अन्य सुविधाओं की समीक्षा की

अचानक मिली सुविधा से बालिकाओं के चेहरों पर खुशी झलक उठी और उन्होंने विधायक सहित सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया। विधायक धुर्वे ने इस दौरान हॉस्टल की अन्य मूलभूत सुविधाओं—रहने की व्यवस्था, भोजन, वस्त्र, स्वच्छता और खेल सामग्री—की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हॉस्टल में रहने वाली सभी बालिकाओं को आवश्यक संसाधन समय पर उपलब्ध कराए जाएं और व्यवस्था में आने वाली कमियों को शीघ्र दूर किया जाए, ताकि बच्चियों को सुरक्षित और अनुकूल वातावरण मिल सके।

# एक साथ दो बाघों का दीदार कर रोमांचित हुए पर्यटक

**चिल्हारी उमरिया 23 नवंबर।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व इन दिनों लगातार चर्चा में है, जहां देश-विदेश से आने वाले पर्यटक बाघों का दीदार करने पहुंचते हैं। ताजा घटना ने पर्यटकों का रोमांच दोगुना कर दिया। एक वायरल वीडियो में सफारी पर निकले पर्यटक पहले एक बाघ को देखकर खुश होते हैं, लेकिन कुछ ही क्षण बाद रास्ते के बीच एक दूसरा बाघ भी सामने आ जाता है। जैसे ही दोनों बाघ दिखाई देते हैं, पर्यटक रोमांचित हो जाते हैं।

गाइड पर्यटकों को समझाती हैं कि बाघ की गरज या आवाज को ग्राउलिंग कहा जाता है। इसी आवाज की दिशा सुनकर अंदाजा लगाया जाता है कि बाघ किस तरफ मौजूद है। यह आवाज उनके मूवमेंट और एरिया कंट्रोल का हिस्सा होती है। विशेषज्ञ बताते हैं कि बाघ अपने टेरिटरी को सुरक्षित रखने के लिए रास्ते के दोनों तरफ मौजूद पेड़ों पर यूरिन स्प्रे करते हैं, जिससे वे अपनी सीमा को मार्क करते हैं और दूसरे बाघों को संकेत देते हैं कि यह इलाका उनका है।

**पर्यटकों ने दुर्लभ पल कैमरे में कैद किए**-इस बार किस्मत पर्यटकों पर मेहरबान रही। उन्हें न सिर्फ बाघों का नजदीक से दीदार मिला, बल्कि उन्होंने उनके व्यवहार के दुर्लभ पल भी कैमरे में कैद किए। उनका कहना था कि बांधवगढ़ सच में वो जगह है जहां प्रकृति हर पल कुछ नया दिखाती है।

# पत्नी व बेटी ने पति को उतारा मौत के घाट



▶ पारिवारिक कलह के चलते की गई हत्या, पुलिस जांच में जुटी

**नवभारत नौरोजाबाद 23 नवंबर।** जिले के नौरोजाबाद थाना क्षेत्र के सिंघवाड़ा गांव से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। घरेलू विवाद के चलते पत्नी ने अपनी ही बेटी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी।

सूचना मिलते ही 112 और नौरोजाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी पत्नी और बेटी से पूछताछ कर रही है और घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर पति-पत्नी के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी महिला ने बेटी के साथ मिलकर उस पर घातक हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने तुरंत डायल 112 पर दी। सूचना पाते ही नौरोजाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम किया।

### सभी पहलुओं पर जांच जारी

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए शुरुआती साक्ष्य जुटाए है। प्रारंभिक जांच में पारिवारिक कलह मुख्य कारण माना जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। पत्नी और उसकी बेटी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना की पूरी सच्चाई स्पष्ट हो सकेगी। इस सनसनीखेज वारदात से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है, जबकि ग्रामीणों ने इसे अत्यंत दुखद और चौंकाने वाली घटना बताया है।

# शिव से सब है, शिव बिना हम शव हैं : राधे श्याम



▶ शिव और शक्ति की साधना से कुछ भी हासिल किया जा सकता है

**चिल्हारी नवभारत 23 नवंबर।** राधे श्याम महाराज ने शिव वर्णन कथा में कहा कि राजस्थान के दीग ज़िले के बहाज गांव में एएसआई द्वारा उत्खनन कार्य किया गया, जिसमें गौरीशंकर भगवान की आराधना साधना के ऐतिहासिक साक्ष्य मिले है, जो विश्व भर के हिन्दुओं को गौरवांवित करने वाले है। मिले प्रमाण चीख चीख कर कह रहे है कि श्रष्टि का आधार श्रृष्टि के स्वामी गौरीशंकर भगवान ही है। शिव ही सत्य है।

उन्होंने कहा कि शिव और शक्ति की साधना आराधना उपासना से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। गौरीशंकर भगवान की कृपा से कुछ भी दुर्लभ नहीं है। हिन्दू विरोधी लाख प्रपंच करे मन गढंत बाते करे सनातन धर्म और मान्यताओं पर प्रश्नचिन्ह लगाए लेकिन उनकी सभी बातों का खंडन प्रकृति ही कर देती है। भगवान महामृत्युंजय की कृपा से कौन वाकिफ नही है। महामृत्युंजय मंत्र जप अनुष्ठान की महिमा ताकत उससे होने वाले लाभ सकारात्मक प्रभाव से तो हम सभी वाकिफ है। मौत के मुंह से खींचकर जीवन देने वाला यह महामृत्युंजय मंत्र तो विश्वभर में जपा जाता है।

### खुदाई में शिव-पार्वती परंपरा के प्रमाण मिले

इस नवीनतम उत्खनन ने भारत की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और दार्शनिक परंपरा पर प्रकाश डालने वाली अत्यंत महत्वपूर्ण कड़ियां सामने रखी हैं। 3000 से भी ज्यादा वर्ष पुरानी शिव-पार्वती परंपरा के प्रमाण स्पष्ट रूप से मिल रहे हैं। खुदाई में मिली टेराकोटा की शिव और पार्वती प्रतिमाएँ, जो अनुमानतः 1000 ईसा पूर्व के आसपास की मानी जा रही हैं यह दर्शाती हैं कि भारत की धरती पर शिव और शक्ति उपासना बेहद प्राचीन और संगठित रूप में प्रचलित थी।

### अनुष्ठानों का उल्लेख ग्रंथों में भी है

यह मूर्तियां इस तथ्य को और आधार प्रदान करती हैं कि दैवीय दंपति की पूजा, मां शक्ति की अवधारणा और शिव के आराध्य रूप भारत की संस्कृति की सबसे पुरानी परंपराओं में से एक हैं। हालांकि हम तो इसे अनादि परम्परा मानते हैं पर आधुनिक वैज्ञानिक भी यह मान रहे हैं कि यह सभ्यता जो खुदाई में मिली है कम से कम 3000 वर्ष प्राचीन है। वैदिक विधा, अग्नि, उपासना के स्पष्ट प्रमाण 15 से अधिक यज्ञ कुंड वैदिक काल में वर्णित अग्नि, आहुति, हवन और यज्ञ परंपरा की वास्तविक और भौतिक पुष्टि करते हैं। यह वे अनुष्ठान हैं, जिनके उल्लेख ऋग्वेद, यजुर्वेद और ग्रंथों में विस्तार से मिलते हैं।

### 1 से होगी धान खरीदी

**नवभारत, कटनी।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से 1 दिसंबर 2025 से 20 जनवरी 2026 तक धान का उपार्जन किया जाएगा। जिला उपार्जन समिति की अनुसंशा पर कलेक्टर आशीष तिवारी ने धान उपार्जन के लिए 86 उपार्जन केंद्र निर्धारित किए हैं। धान का समर्थन मूल्य 2369 रूपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

**सूचना**

**विविध स्रोतों से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह ज्ञात हुआ है कि नवभारत जबलपुर संस्करण के उमरिया जिले के पूर्व ब्यूरो सतीश विश्वकर्मा (आधार नंबर 920801950500) अभी भी नवभारत के नाम पर समाचार/ विज्ञापन संकलन कर रहे हैं। अत: सर्व सूचित हो कि सतीश विश्वकर्मा नवभारत पत्र समूह से संबद्ध नहीं हैं। शीघ्र ही नए ब्यूरो की नियुक्ति की जाएगी।**

**प्रसार विभाग नवभारत**